राज एक्सप्रेस
www.rajexpress.in
शनिवार, 22 अप्रैल, 2017
इंदौर

छोटी सी गलती बन सकती है बड़ी मुसीबत :कपूर

आयशर मोटर्स में सहयोग अभियान की कार्यशाला

इंदौर (आरएनएन)। विश्व में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा अपराध सायबर क्राइम बन गया है। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सायबर क्राइम कितनी तेजी से फैल रहा है। सायबर क्राइम से बचाव का सबसे बड़ा हथियार सतर्कता ही है। सायबर का उपयोग करते समय छोटी सी गलती भी बड़ी मुसीबत बन सकती है। इस बात का ध्यान रखें। उक्त बातें एडीजी कपूर ने सायबर क्राइम से बचने के टिप्स बताते हुए सहयोग अभियान की कार्यशाला के दौरान कही। इसका आयोजन आयशर मोटर्स कंपनी, पीथमपुर में हुआ। इसमें कंपनी के अफसरों ने भाग लिया।

एडीजी कपूर ने सायबर स्पेस में हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए उनके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया कि सायबर अपराध दुनिया का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा अपराध है । बैंकिंग फ्राड, एटीएम फ्राड व अन्य प्रलोभन देकर जो आधुनिक अपराध घटित हो रहे है, उनसे बचने के लिए अलर्ट रहना जरुरी है। सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग करते हुए पासवर्ड सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने सायबर स्टॉकिंग, एटीएम स्केमिंग, जिओ टेगिंग,डिजिटल फुटप्रिंट, सायबर टेररि%म, डाटा चोरी, फिशिंग अटैक, पासवर्ड प्रोटेक्शन, आईडेंटिटी थेफ्ट, डाटा मायनिंग आदि के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया। कपूर ने कहा सोशल नेटवर्किंग पर बिना सोचे-समझे लाईक, शेअर एवं फारवर्ड करने से बचें। जिसको वास्तविक दुनिया में न जानते हो, वर्चुअल दुनिया में उसे दोस्त कतई न बनाए। भारत में पिछले 5 वर्षों में सायबर क्राईम 1300 प्रतिशत बढ़ा है। इससे बचने के लिए जागरुक रहना जरुरी है। सायबर का प्रयोग करते हुए कोई छोटी सी गलती भी बड़ी मुसीबत बन सकती है। इस बात का ध्यान रखें और सायबर क्राइम के शिकार होने से बचें । इसका प्रयोग करते समय इसके लिए भी सतर्क रहें कि अनजाने में कोई अपराध नहीं हो जाए। ये विधा अपने फायदे के लिए ही प्रयोग करें दूसरों को नुकसान नहीं पहुंचाएं। एडीजी ने अफसरों को आईटीएक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कई सदस्यों ने जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछे जिनका उत्तर देकर कपूर ने उनकी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम में डीएसपी सुभाष सिंह एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा। कंपनी की ओर से जनरल मैनेजर एचआर/एडमिन सुदीप देव ने कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया। संचालन प्रशिक्षण हेड श्याम जाम्बरे ने किया।